दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 10 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 309

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या केस की सुनवाई अब हफ्ते में 5 दिन होगी

**» मुस्लिम पक्षकार ने किया विरोध**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अब शुक्रवार को भी होगी. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मामले की सुनवाई हफ्ते में तीन दिन के बजाय पांच दिन करने का फैसला किया है. ऐसा पहली बार हो रहा है जब संवैधानिक बेंच किसी मामले की सुनवाई पूरे पांच दिन करने जा रही है. अभी तक की परंपरा के मुताबिक संवैधानिक बेंच सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ही किसी मामले की सुनवाई करती है. मुस्लिम पक्षकारों ने इस फैसले का विरोध किया है.

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि हफ्ते में पांच दिन तक अयोध्या मामले की सुनवाई जारी रखने से दोनों पक्षों के वकीलों को अपनी दलीलें पेश करने का काफी वक्त मिलेगा और जल्द ही इस पर कोई फैसला आ सकेगा. गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, डीवाई चंद्रचूड़, अशोक भूषण और एस अब्दुल नजीर ने कहा कि अयोध्या मामले की सुनवाई अब रोजाना की जाएगी.

गौरतलब है कि गुरुवार को सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस भूषण ने रामलला के वकील से तीखे सवाल किए. उन्होंने पूछा कि क्या जन्मस्थान को व्यक्ति माना जा सकता है, जिस तरह उत्तराखंड की हाईकोर्ट ने गंगा को व्यक्ति माना था. इस पर रामलला के वकील ने कहा कि हां, रामजन्मभूमि व्यक्ति हो सकती है और रामलला भी. क्योंकि वो एक मूर्ति नहीं, बल्कि एक देवता हैं. हम उन्हें सजीव मानते हैं.

सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक सोमवार और शुक्रवार तक संवैधानिक बेंच के जजों को अलग-अलग मामले में बैठाने पर उनका फोकस नहीं रहेगा. जो अयोध्या जैसे मामले में काफी अहम बताया जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक अयोध्या से जुड़े 20 हजार पेज के दस्तावेजों को पढ़ना होगा, जिसमें वक्त लगेगा. ऐसे में हर सोमवार और शुक्रवार को 60 से 70 याचिकाओं की सुनवाई करने से जजों का फोकस डाइवर्ट होगा.

## धारा 370 पर बात करने से किया इनकार

**» यूएनएससी से पाकिस्तान को बड़ा झटका**



**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। यूएनएससी की अध्यक्ष जोआना रोनक्का ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 में किए गए बदलाव पर अपनी प्रतिक्रिया देने से साफ इनकार कर दिया है। इस मामले में पाकिस्तान ने यूएनएससी को खत लिखकर दखल देने की मांग की थी। यूएन ने साथ ही पाकिस्तान को 1972 शिमला समझौते का रास्ता भी दिखाया है।

बता दें कि यूएन में पाकिस्तान के दूत मलीहा लोधी ने मामले में यूएन से हस्तक्षेप की मांग की थी। मलीहा लोधी ने कहा कि मैंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश के चीफ स्टाफ मारिया लुईसा रिबेरो वियोटी से मुलाकात की। उनके सामने कश्मीर पर भारत के फैसले के बारे में जानकारी दी और कहा कि सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का अनुपालन कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र को दखल देना चाहिए। मगर पाकिस्तान की यह उम्मीद भी टूट गई है।

इस समय पाकिस्तान सरकार को किसी भी देश का समर्थन नहीं मिल रहा है। पड़ोसी देशों में मलेशिया और श्रीलंका ने इसे भारत का अंदुरूनी मामला बताया है। वहीं अमरीका ने भी एक तरह से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले का समर्थन किया है। उसने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि वो अपने देश में आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारत के कदम पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री चीन रवाना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी जम्मू एवं कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के भारत के फैसले पर चीनी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के लिए चीन रवाना हो गए हैं। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक, शुक्रवार सुबह बीजिंग के लिए उड़ान भरने से पहले कुरैशी ने कहा, भारत अपने असंवैधानिक तौर-तरीकों से क्षेत्रीय शांति को बाधित करने पर आमादा है। उन्होंने कहा, चीन न केवल पाकिस्तान का मित्र है, बल्कि क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण देश भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह स्थिति पर चीन के नेतृत्व को विश्वास में लेंगे। विदेश सचिव सोहेल महमूद और विदेश मंत्री के अन्य उच्च अधिकारी भी कुरैशी के साथ रवाना हुए हैं। भारत सरकार ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया।

### कोई भी घाटी में शांति भंग करने आएगा, उसे खत्म कर देंगे

**» भारतीय सेना की पाक को सख्त चेतावनी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान बौखलाया हुआ है।इस बीच खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है कि संगठन जैश-ए-मोहम्मद भारत में बड़ा हमला करने की फिराक में है। पाकिस्तान की इन हरकतों को देखते हुए भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल कंवलजीत सिंह ढिल्लों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पाक की तरफ से घाटी में कोई भी शांति भंग करने के लिए आएगा तो हम उसे खत्म कर देंगे। चिनार कॉर्प्स की द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में लेफ्टिनेंट जनरल कंवलजीत सिंह ढिल्लों ने कहा कि पाकिस्तान और पाकिस्तान सेना हमेशा से कश्मीर घाटी में शांति भंग करता रहे हैं। कश्मीर में कुछ घटनाओं को लेकर हाल ही में पाकिस्तान ने खुलेआम धमकी भी दी है। इसके बावजूद हम इन सभी का ध्यान रखेंगे। अगर कोई घाटी में शांति भंग करने की कोशिश करने के लिए आता है तो हम उसे खत्म कर देंगे!

### 117 यात्रियों के साथ दिल्ली पहुंची समझौता एक्सप्रेस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत-पाकिस्तान के बीच आपसी सौहार्द की कड़ी बनी समझौता एक्सप्रेस दिल्ली पहुंच गई है. यह ट्रेन कुल 117 यात्रियों को लेकर आई है. जिनमें 76 भारतीयों सहित 41 पाकिस्तानी नागरिक शामिल हैं. समझौता एक्सप्रेस आज सुबह डेढ़ बजे अटारी रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी. बताया जा रहा है कि ट्रेन अपने तय समय से साढ़े 4 घंटे देरी से पहुंची है. गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने समझौता एक्सप्रेस पर रोक लगा दी थी. पाकिस्तान ने अपने ड्राइवर और गार्ड को स्टेशन भेजने से इनकार कर दिया. इस दौरान ट्रेन रुकने से वाघा-अटारी बॉर्डर पर 110 पैसैंजर फंस गए थे. हालांकि भारत ने अपना इंजन और ड्राइवर भेजकर अटारी पर रोकी गई समझौता एक्सप्रेस को वापस बुला लिया. सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के समझौता एक्सप्रेस बंद करने के बावजूद भी फिलहाल भारत की तरफ से इस ट्रेन को बंद नहीं किया जाएगा.

### फिलीपींस में संघर्ष के दौरान चार लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य क्षेत्र में सेना के जवानों और वामपंथी विद्रोहियों के बीच संघर्ष में तीन विद्रोहियों और एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य जवान घायल हो गये। सेना ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को स्थानीय समयानुसार दो बजे नेग्रोस प्रांत के एक गांव में सेना और न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के 20 गुरिल्ला विद्रोहियों के बीच आधे घंटे तक चले संघर्ष में चार लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। सेना ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोले-बारूद बरामद किये हैं।

## आईबीसी में संशोधन को सुप्रीम कोर्ट ने ठहराया वैध

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने घर खरीदारों को वित्तीय लेनदार का दर्जा दिये जाने संबंधी दिवालिया एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन की वैधता शुक्रवार को बरकरार रखी। न्यायमूर्ति रोहिंगटन एफ नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने संहिता के संशोधनों को बरकरार रखते हुए कहा कि इससे बिल्डरों के अधिकारों का हनन नहीं होता।

शीर्ष अदालत ने कम से कम 180 याचिकाओं को निपटारा करते हुए घर खरीदारों को वित्तीय लेनदारों (फाइनेंशियल क्रेडिटर्स) का दर्जा दिया। रियल एस्टेट कंपनियों ने सरकार द्वारा किए गए आईबीसी संशोधन को गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया था।

पीठ ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर पर अंकुश लगाने के लिए तैयार रियल एस्टेट विनियमन कानून (रेरा) को आईबीसी में संशोधन के साथ पढ़ा जाना चाहिए। इस फैसले के साथ ही इन्सॉल्वेंसी से जुड़ी कार्यवाही में घर खरीदारों की सहमति की जरूरत होगी। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में संसद ने आईबीसी कानून पारित किया था, जिसमें घर खरीदारों और निवेशकों को दिवालिया घोषित कंपनी का कर्जदाता माना गया था।

## आर्टिकल 370 पर बिफरे पाकिस्तान ने अब सांस्कृतिक संबंधों पर भी लगाई पाबंदी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने से नो टू इंडिया (भारत को कहो ना) का राष्ट्रीय नारा ईजाद किया है। इसके तहत पाक ने नई दिल्ली के साथ सभी सांस्कृतिक आदान-प्रदानों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसमें दोनों देशों के मनोरंजन उद्योग भी शामिल हैं। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार पत्र डॉन के अनुसार, इस नारे की लॉन्चिंग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गुरुवार को की गई।

सूचना एवं प्रसारण मामले में प्रधानमंत्री की विशेष सहायक डॉ. फिरदौस आशिक एवान ने गुरुवार को कहा, सभी प्रकार की भारतीय कंटेंट को रोक दिया गया है और पेमरा (पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी) को भारतीय डीटीएच उपकरणों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ इस संबंध में सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

एवान द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मीडियाकर्मियों से उन्होंने कहा कि यह कदम भारत सरकार के जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले के मद्देनजर उठाया गया है, जिसके तहत राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त था। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने किसी भी प्रकार की भारतीय कंटेंट की जांच करने के लिए एक समूह स्थापित करने का निर्णय लिया है।

समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने देश में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिग पर भी रोक लगा दी है। एवान ने ट्वीट कर कहा, पाकिस्तानी सिनेमा में किसी भी भारतीय फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं की जाएगी। पाकिस्तान में नाटक, फिल्में और भारतीय कंटेंट पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। पाकिस्तान द्वारा पहली बार भारतीय फिल्मों के प्रसारण को प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

इससे पहले फरवरी में भी पाकिस्तान फिल्म एक्जीबिटर्स एसोसिएशन ने भारतीय फिल्मों का बहिष्कार किया था और घोषणा की थी कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट क्षेत्र में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकी लॉन्च पैड पर भारतीय लड़ाकू विमानों द्वारा बमबारी करने के विरोध के तौर पर देश में कोई भी भारतीय फिल्म रिलीज नहीं होगी।

## केरल में बाढ़ का कहर, 14 लोगों की मौत

**» कोच्चि एयरपोर्ट तीन दिन के लिए बंद**



**कोच्चि (आरएनएस)।** केरल में भारी बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर जाने की वजह से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन रविवार अपराह्न तीन बजे तक स्थगित रहेगा जबकि चेरथलई के समीप पटरियों पर पेड़ों के गिरने से अलप्पुझा और एर्नाकुलम के बीच रेल यातायात बाधित है। केरल में बाढ़ से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को बारिश से संबंधित अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। आज सुबह 8 लोगों की मौत की पुष्टि की गई।

हवाईअड्डे की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यात्रियों को इससे संबंधित पूछताछ के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण-कक्ष का नंबर उपलब्ध कराया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि हवाई अड्डे का संचालन स्थगित रहने तक विमानों के उड़ानों के मार्गों में बदलाव किया जाएगा।

इस बीच अज सुबह चेरथलई के समीप पटरियों पर पेड़ों के गिर जाने से अलप्पुझा और एर्नाकुलम के बीच रेल यातायात बाधित है। रेलवे की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद कई ट्रेनों को कोट्टायम मार्ग से चलाया गया है। एर्नादु एक्सप्रेस और जन शताब्दी एक्सप्रेस को कोट्टायम से होते हुए ले जाया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि अलप्पुझा मार्ग से ट्रेन की सेवाएं अगले चार घंटों के लिए रोक दी गई है।

## 17 अगस्त को भूटान के दो दिवसीय दौरे पर जायेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के प्रधानमंत्री लोताय शेरिंग के निमंत्रण पर दो दिवसीय दौरे पर 17 अगस्त को थिम्पू जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में बताया कि यह दौरा दर्शाता है कि भारत सरकार एक भरोसेमंद दोस्त एवं पड़ोसी देश भूटान के साथ अपने संबंधों को बहुत प्राथमिकता देती है।

बयान के मुताबिक मोदी का यह भूटान दौरा बताता है कि भारत सरकार अपनी 'पड़ोस पहले नीति' का लगातार पालन कर रही है। दौरे के दौरान मोदी के भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के पूर्व राजा जिग्मे सिंगये वांगचुक से मिलने की संभावना है। मोदी इस दौरान भूटान के प्रधानमंत्री लोताय शेरिंग के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

भारत और भूटान के बीच बहुत अच्छा और दोस्ताना संबंध है एवं दोनों देशों की एक साझा संस्कृति है। मोदी का यह दौरा भारत और भूटान के बीच नियमित तौर पर होने वाली उच्च-स्तरीय बातचीत की परंपरा का हिस्सा है।

## साइड देने बाइक का हॉर्न बजाया, तो कर दी हत्या



**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई में तेज आवाज में हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में 57 साल के बुजुर्ग की हत्या कर दी गई. साथ ही 5 लोग घायल हो गए. घायलों को अस्पताल ले जाया गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही पुलिस जांच में जुट गई है.

घटना घाटकोपर के तिलक नगर थाना क्षेत्र के विद्याविहार की है. पुलिस ने बताया कि घाटकोपर के मोहन बंजारा इलाके में रहने वाले दीपक चावरिया (29) और उसका भाई मनोज चावरिया (32) काम के सिलसिले में बाइक पर बैठकर कहीं जा रहे थे. बाइक स्टार्ट करने के कुछ ही दूरी पर संदीप पारचा (28) और उसके पिताजी पालसिंह पारचा (70) खड़े हुए थे.

बताया जा रहा है कि बाइक चालक दीपक ने हॉर्न बजा कर दोनों को वहां से साइड होने का इशारा किए, क्योंकि वह गली काफी संकरी थी. आरोप है कि दीपक का हॉर्न बजाना संदीप पारचा को नागवार गुजरा और वह दीपक के साथ झगड़ा करने लगा. शोरगुल और झगड़े की आवाज सुन कर मौके पर दीपक के पिता मनोहर चावरिया और उसकी बहन पूजा (36) भी आ गई. तीनों लोग संदीप से लड़ाई करने लगे. दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि नौबत मारपीट तक आ पहुंची. इसके बाद संदीप अपने घर से चाकू लाया और मनोहर चावरिया पर हमला कर दिया. इस हमले में मनोहर बुरी तरह से घायल हो गए. मनोहर को घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई. मौके पर पहुंची तिलक नगर पुलिस ने संदीप के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

## राहुल ने केरल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सहायता हेतु मोदी से की बात

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केरल विशेषकर वायनाड के बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों में लोगों को हरसंभव सहायता मुहैय्या कराने का अनुरोध किया।

वायनाड से सांसद गांधी ने ट्वीट कर कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से केरल विशेषकर वायनाड में बाढ़ एवं भूस्खलन से गंभीर रूप से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को लेकर बातचीत की है।

कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी ने आपदा से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

## नीरज बवानिया गैंग के 9 गुर्गे दबोचे गए



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस ने तिहाड़ जेल में बन्द गैंगस्टर नीरज बवानिया के गैंग के 9 खतरनाक गुर्गों को गिरफ्तार किया है. इन बदमाशों ने दिल्ली में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है. इनके पास से पुलिस ने हथियार और कारतूसों के अलावा तीन लक्जरी कारें भी बरामद की हैं.

ये अपराधी इन कारों का इस्तेमाल वारदातों में करते थे. इतना ही नहीं नीरज बवानिया के तिहाड़ में बंद होने के बावजूद इन लोगों ने नीरज के आतंक को जिंदा रखा था. ये सभी उगाही से लेकर लूट और मर्डर की वारदातों में शामिल रहे हैं. फिलहाल पुलिस ने इन सभी से पूछताछ कर रही है.

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए इन बदमाशों में से एक बदमाश नवीन पर मकोका भी लगा है जिसने 2015 में रोहिणी कोर्ट से लौट रही जेल वैन के अंदर दो लोगों की हत्या को नीरज बवानिया के साथ अंजाम दिया था. उस समय ये तिहाड़ में ही बन्द था. उसके बाद ये हाल ही में जमानत पर बाहर आकर फिर वारदात का प्रयास कर रहा था.

अबतक इन बदमाशों के ऊपर हत्या, हत्या के प्रयास और लूट के 19 मामलों का खुलासा हुआ है. इस गैंग ने 2014 में बागपत में स्पेशल सेल की कस्टडी से अपने एक साथी को छुड़ा लिया था. दिल्ली के कंझावला इलाके में ये सभी मर्सिडीज और दो कारों के साथ एक विवादित प्रोपर्टी पर कब्ज़ा करने के इरादे से पहुँचे थे. तभी कंझावला पुलिस ने घेराबंदी करके इन्हें गिरफ्तार कर लिया.